दिन– सोमवार दिनांक– 28 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। रोजगार मेला देशभर में 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री की वचनबद्धता का दर्शाता है। यह मेला राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए रोजगार के अवसरों के साथ युवाओं को सशक्त बनायेगा। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एनडीए समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पटना में आयोजित की गई। सीएम आवास पर आयोजित बैठक में दो हजार पचीस के विधान सभा चुनाव को लेकर एनडीए घटक दलों के बीच विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में विधान सभा चुनाव में एनडीए के दो सौ पचीस सीटों पर विजय के लक्ष्य को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही जिला स्तर पर एनडीए समन्वय समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन समेत भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास और हम के सांसद, विधायक और विधान पार्षद समेत कई वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद थे।

———————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। उपचुनाव के

लिए चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी।

———————————————————————————

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सप्ताह के स्मरण में प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति। सप्ताह की शुरूआत मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संस्थानों के कर्मचारियों के शपथ ग्रहण के साथ हुई। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इधर, आकाशवाणी पटना के परिसर में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा और सतर्कता की प्रतिज्ञा ली।

———————————————————————————

पूर्णियां से लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। श्री यादव ने केन्द्रीय गृहमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उन्हें लॉरेंस विश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इसलिए उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाए। गौरतलब है कि श्री यादव को फिलहाल वाई श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

———————————————————————————

चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव आज भी प्रदेश के कुछ भागों में दिख रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व के कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है। गया के डोभी में सबसे अधिक अठारह दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

---

मुंगेर जिले में मेडिकल जाँच के लिए ले जाए जा रहे चोरी के दो आरोपी हथकड़ी सरका कर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गए।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

---

राजगीर में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न भागों में निकाली जा रही ट्रॉफी गौरव यात्रा आज सहरसा पहुंची। जिलाधिकारी वैभव चौधरी, पुलिस अधीक्षक हिमांशु समेत अन्य अधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया।

---

समाप्त